राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज)

एफ.15(20)पंरावि/विधि/वि0ग्रा0सभा/2026/ई–81146 जयपुर, दिनांकः–

1. मुख्य/अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   ज़िला परिषद, समस्त (राजस्थान)।
2. विकास अधिकारी,
   पंचायत समिति, समस्त (राजस्थान)।

**विषयः–दिनांक 29 जून, 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन बाबत।**

संदर्भः–आयुक्त, ईजीएस, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर से प्राप्त अशा0टीप0 राजकाज क्रमांक 22942827 दिनांक 19.06.2026 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत आयुक्त, ईजीएस, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर द्वारा संदर्भित अशा0टीप0 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से अवगत कराया है कि दिनांक 12 जून, 2026 से 15 जुलाई, 2026 तक जन कल्याण शिविर के अन्तर्गत ''ग्रामीण सेवा शिविर–2026'' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं, वीबी–जी राम जी योजना के प्रचार–प्रसार, कार्य प्रस्ताव प्राप्त करना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत किस्तें जारी करना, लंबित स्वीकृतियां जारी करना, भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि आवंटन करना आदि गतिविधियां की जा रही हैं।

दिनांक 01 जुलाई, 2026 से वीबी–जी राम जी योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है, जिसका प्रचार–प्रसार, प्राप्त कार्यों के प्रस्ताव/कार्ययोजना का अनुमोदन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, सभी के लिए आवास के तहत आवास प्लस सर्वे–2024 के माध्यम से किये गये सर्वेक्षण के आधार पर तैयार वरीयता सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन किया जाना है।

अतः आयुक्त, ईजीएस, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर से प्राप्त संदर्भित अशा0टीप0 की छायाप्रति संलग्न भेजकर निवेदन है कि आपके जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दिनांक 29 जून, 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाकर, उक्त अशा0टीप0 में वर्णित निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

(भारत भूषण गोयल)
उपायुक्त एवं
उप शासन सचिव (प्रथम)

RajKaj Ref No.:
22960302

Signed by: Bharat Bhushan Goyal, Deputy Secretary To Government
Date: 2026-06-22
12:02:49 +05:30

v-1.0

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, पंचायती राज विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर।
4. आयुक्त, ईजीएस, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर को उनकी अशा0टीप0 राजकाज क्रमांक 22942827 दिनांक 19.06.2026 के क्रम में।
5. जिला कलक्टर, समस्त।
6. संयुक्त निदेशक (मों0), मुख्यालय।
7. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), मुख्यालय।

RajKaj Ref No.:
22960302

Signed by: Bharat Bhushan Goyal, Deputy Secretary To Government
Date: 2026-06-22 12:02:49 +05:30

# राजस्थान सरकार
# ग्रामीण विकास विभाग
## (अनुभाग–8)

(दूरभाष 0141–2227229, Email Id : pdme2k.rdd@ rajasthan.gov.in)

**विषयः–दिनांक 29.06.2026 से विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन हेतु आदेश जारी करवाने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि **दिनांक 12 जून, 2026 से 15 जुलाई, 2026 तक** जन कल्याण शिविर के अन्तर्गत **"ग्रामीण सेवा शिविर–2026"** का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं वी बी–जी राम जी योजना के प्रचार प्रसार, कार्य प्रस्ताव प्राप्त करना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत किश्तें जारी करना, लंबित स्वीकृतियां जारी करना, भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि आवंटन करना आदि गतिविधियां की जा रही है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 01 जुलाई 2026 से वी बी–जी राम जी योजना का शुभांरम्भ किया जा रहा है जिसका प्रचार–प्रसार, प्राप्त कार्यों के प्रस्ताव/कार्ययोजना का अनुमोदन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, सभी के लिए आवास के तहत आवास प्लस सर्वे–2024 के माध्यम से किये गये सर्वेक्षण के आधार पर तैयार वरीयता सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन किया जाना है।

अतः इस संबंध में निवेदन है कि **दिनांक 29.06.2026 से विशेष ग्राम सभाएं आयोजित** करवाने के संबंध में **आदेश जारी करवाने** का श्रम करावें, जिससे **वीबी–जी राम जी योजना के कार्य प्रस्ताव, योजना का प्रचार–प्रसार और आगामी कार्य योजना का अनुमोदन प्राप्त किया जा सके तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास प्लस सर्वे के माध्यम से किए गये सर्वेक्षण के आधार पर तैयार वरीयता सूची का अनुमोदन ग्राम सभा से करवाया जा सके।**

**(जुगल किशोर मीना)**
आयुक्त, ईजीएस

**आयुक्त एवं शासन सचिव,**
**पंचायतीराज विभाग।**

---

अ.शा. टीप क्रमांक प 2(41)ग्रावि/अनु0 8/अन्य विभाग/2022
जयपुर, दिनांक :–यथा–ई–हस्ताक्षर
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
2. निजी सचिव, आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग।
3. अतिरिक्त, आयुक्त (प्रथम), नरेगा।
4. स्टेट नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण

Signature Not Verified
Digitally signed by Jugal Kishor Meena
Designation : Additional Commissioner
Date: 2026.06.19 17:13:40 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22942827
M e-Sign